दिनांक

# नानी तेरी मोरनी

दिवस- 19

**शिक्षण–निर्देश :**

'नानी तेरी मोरनी' कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ एवं कविता के आधार पर बातचीत करें। यथा– रिश्तों पर बातचीत करें।

नानी तेरी मोरनी को मोर ले गए,
बाकी जो बचा था काले चोर ले गए।
खाके–पीके मोटे होके चोर बैठे रेल में,
चोरों वाला डिब्बा कटके पहुँचा सीधा जेल में।





उन चोरों की खूब खबर ली मोटे थानेदार ने,
मोरों को भी खूब नचाया जंगल की सरकार ने।
अच्छी नानी प्यारी नानी रूसा–रूसी छोड़ दे,
जल्दी से इक पैसा दे दे तू कंजूसी छोड़ दे।

दिनांक

# नानी तेरी मोरनी

दिवस- 20

**शिक्षण–निर्देश :**

पूरी कविता का समवेत स्वर में गायन के साथ विद्यार्थियों को नाना–नानी, दादा–दादी, चाचा–चाची आदि रिश्तों के बारे में बातचीत करें तथा आपने अपनी नानी, मम्मी से जो कहानी सुनी है, उसे अपनी कक्षा में सुनाएँ।

## अपनी नानी के बारे में लिखिए–



## मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| नानी | दादा |
| मोरनी | चाचा |
| चाची | नाना |
| दादी | मोर |

## रिश्तों के नाम लिखिए–

मम्मी

दिनांक


# नानी तेरी मोरनी

दिवस- 21

**शिक्षण–निर्देश :**

पूरी कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा मोर के रंग–रूप, भोजन, आवास तथा उसकी आवाज के बारे में बातचीत करें।


## मोर के बारे में लिखिए–



## समान लयवाले शब्द लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| नानी | | | |
| मोरनी | | | |

## रंग भरिए–



| दिनांक | # नानी तेरी मोरनी | दिवस- 22 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

पूरी कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ। साथ ही साथ विद्यार्थियों को बोर्ड के पास बुलाकर कोई एक शब्द तथा उसका विलोम शब्द बोलने को कहें।

## देखकर लिखिए–

| | |
|---|---|
| नानी | |
| मोरनी | |
| जंगल | |
| थानेदार | |

## समान लय वाले शब्द लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| रेल | | | |
| मोर | | | |
| पैसा | | | |

## उल्टे शब्दों की जोड़ी बनाइए–

| | |
|---|---|
| काले | देर |
| मोटे | उल्टा |
| सीधा | पतले |
| जल्दी | गोरे |

| दिनांक | # नानी तेरी मोरनी | दिवस- 23 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

रेलगाड़ी के आकार–प्रकार के साथ–साथ उससे होने वाले लाभ या अन्य रेलगाड़ी संबंधी जानकारी पर बातचीत करें। विद्यार्थियों को बारी–बारी से बोर्ड के पास बुलाकर रेलगाड़ी संबंधी अपनी जानकारी को एक वाक्य में बताने को कहें।

## सही उत्तर पर निशान लगाइए–

(क) नानी की मोरनी को कौन ले गया?

| | | | |
|---|---|---|---|
| चोर | मोर | सिपाही | सरकार |

(ख) खाके–पीके मोटे होके कौन जेल गए?

| | | | |
|---|---|---|---|
| मोर | मोरनी | थानेदार | चोर |

## एक शब्द या दो शब्दों में उत्तर दीजिए–

क) चोरों वाला डिब्बा कटके कहाँ गया?

उत्तर–

(ख) मोरों को किसने खूब नचाया?

उत्तर –

## रेलगाड़ी का चित्र बनाइए एवं रंग भरिए–

| दिनांक | # नानी तेरी मोरनी | दिवस- 24 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को पुल्लिंग शब्द की सहायता से उसके स्त्रीलिंग रूप समझाएँ।

## खाली स्थान में उचित शब्द भरिए–

(क) नानी तेरी .................................... को मोर ले गए।

(ख) बाकी जो बचा था .................................... चोर ले गए।

(ग) उन चोरों की खूब .................................... ली मोटे थानेदार ने।

(घ) मोरों को भी खूब .................................... जंगल की सरकार ने।

## मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| खाके | कलूटे |
| रूसा | ताजे |
| मोटे | पीके |
| काले | रूसी |

## इन शब्दों को उदाहरण के अनुसार लिखिए–

| | |
|---|---|
| अच्छा | अच्छी |
| कच्चा | |
| सस्ता | |
| महँगा | |
| गंदा | |